BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 12 नवम्बर 2024 **थाना डिबाई**

शीशपाल की हत्या का सफल अनावरण, 04 हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.11.2024 की रात्रि में थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जलालपुर जट में ईट के भट्टे के पास एक खेत में शीशपाल पुत्र ओम प्रकाश निवासी मौ0 महादेव बाहरजीन वाली गली कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर का शव मिला था। घटना के सम्बन्ध में मृतक के भाई नरेन्द्र की तहरीर के आधार पर थाना डिबाई पर मुअसं-602/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के क्रम में स्वाट टीम देहात व थाना डिबाई पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में प्रकाश में आये चार अभियुक्तों को आज दिनांक 12.11.2024 को स्वाट टीम देहात व थाना डिबाई पुलिस द्वारा त्रिलोकपुर को जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के पास से अवैध असलहा, कारतूस व नकदी सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर मृतक का मोबाइल (जला हुआ) व शर्ट बरामद की गयी। अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना डिबाई पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. शैलेन्द्र पुत्र शंकर लाल निवासी औरैनी थाना अतरौली जनपद अलीगढ़।
2. विवेक पुत्र मोहन लाल निवासी उपरोक्त।
3. पुष्पेन्द्र पुत्र चरन सिंह उर्फ पंडित जी निवासी ग्राम मौसमपुर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़।
4. रामेश्वर पुत्र दीपचंद निवासी तुलसी नंगला थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 12 हजार रुपये नकद
2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस
3- 01 अवैध चाकू
4- 01 मोबाइल फोन (जला हुआ) (मृतक का)
5- 01 शर्ट (मृतक की)

गिरफ्तार अभियुक्त रामेश्वर ने पूछताछ पर बताया कि मृतक शीशपाल उसका भतीजा था जो शराबी किस्म का लड़का था। वह अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। करीब 01 वर्ष पूर्व मृतक ने शराब के नशे में उसकी लड़की को गलत नियत से पकड़ लिया था जिसका उसके द्वारा विरोध करने पर मृतक ने उसके साथ मारपीट की थी तथा एक बार उसके भाई (जो कि मृतक का पिता हैं) के साथ भी मारपीट की थी। जिस कारण से उसने शीशपाल की हत्या करने की ठान ली थी तथा 02 लाख रुपये में शैलेन्द्र, विवेक व पुष्पेन्द्र से शीशपाल की हत्या करने के लिए तय कर लिया। अभियुक्त शैलेन्द्र द्वारा वाट्सअप एप के माध्यम से लड़की बनकर शीशपाल से बातचीत करना प्रारम्भ कर दिया तथा योजनानुसार दिनांक 07.11.2024 को शीशपाल को ग्राम जलालपुर जट में ईट के भट्टे के पास मिलने के लिए बुलाकर शैलेन्द्र, विवेक व पुष्पेन्द्र ने उसकी हत्या कर दी तथा फरार हो गये।

गिरफ्तार करने वाली थाना डिबाई पुलिस टीम-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना डिबाई
2. उ0नि0 हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 यू0टी0 विनय यादव
3. है0का0 संजय कुमार, का0 योगेन्द्र बघेल, का0 सचिन कुमार, का0 विवेक कुमार

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात-

1. श्री लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात
2. है0का0 नितिन कुमार शर्मा, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का0 अरुण कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 विपिन कसाना, का0 अजय सोंलकी

मीडिया सेल बुलंदशहर